भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 846

28 जुलाई, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

15वें वित्त आयोग द्वारा चिह्नित ग्रीनफील्ड शहर

846 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 15वें वित्त आयोग द्वारा चिह्नित 8 ग्रीनफील्ड शहरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि 15वें वित्त आयोग ने उपरोक्त शहरों के लिए ₹8,000 करोड़ की सिफारिश भी की है;

(ग) क्या यह भी सच है कि नए शहरों के विकास हेतु विभिन्न राज्यों से 28 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हाँ, तो प्रत्येक राज्य से प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा कोप्पर्थी को ग्रीनफील्ड शहर के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया है; और

(च) यदि हाँ, तो उपरोक्त (ङ) प्रस्ताव की स्थिति क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): 15वें वित्त आयोग ने आठ नए शहरों के इनक्यूबेशन के लिए कार्य निष्पादन आधारित चुनौती निधि के रूप में 8,000 करोड़ आवंटित किए हैं। हालाँकि, 15वें वित्त आयोग ने इस संबंध में विशेष शहरों को चिह्नित नहीं किया है।

(ग) और (घ): 23 राज्यों से कुल 28 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। शहरों का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ड.) और (च): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा यह प्रस्ताव है कि कोप्पर्थी को एक ग्रीनफील्ड सिटी के रूप में विकसित किया जाए। कोप्पर्थी से संबंधित प्रस्ताव सहित सभी प्रस्तावों की जाँच की जा रही है।

*****

अनुलग्नक

15वें वित्त आयोग द्वारा चिह्नित ग्रीनफील्ड शहर के संबंध में श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा दिनांक 28.07.2025 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 846 के संबंध में भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

<u>नए शहरों के इनक्यूबेशन के लिए राज्यों के प्रस्तावों की सूची</u>

क्र.सं.	राज्य का नाम	नए शहर के लिए प्रस्ताव	जिला/क्षेत्र
1	आंध्र प्रदेश	कोप्पर्थी	वाईएसआर जिला
2	अरुणाचल प्रदेश	गुमिन नगर	पूर्वी सियांग
3	असम	जगीरोड	मोरीगांव
4	गोवा	न्यू मोपा आयुष सिटी, पेरनेम	उत्तरी गोवा
5	गुजरात	गिफ्ट सिटी का विस्तार	गांधीनगर
6		अम्बाजी	बनासकांठा
7	हरियाणा	गुरुग्राम	गुरुग्राम
8	हिमाचल प्रदेश	माउंटेन टाउनशिप	शिमला
9	झारखंड	नया रांची शहर	रांची
10	केरल	एरोसिटी ,	कन्नूर
11		ओएजीसी नियोपोलिस - द न्यू सिटी, पल्लीपुरम	एर्नाकुलम
12	मध्य प्रदेश	जबलपुर एक्सटेंशन	जबलपुर
13		पीथमपुर फेज 4	धार
14	महाराष्ट्र	विरुल	वर्धा
15		सावरगांव मॉल	बुलढाना
16	मणिपुर	गेटवे सिटी	इम्फाल
17	मेघालय	न्यू शिलांग नॉलेज सिटी	पूर्वी खासी हिल्स
18	मिजोरम	तनह्रिल स्थानीय परिषद	आइजोल
19	नागालैंड	छठी घाटी	चुमौकेदिमा
20	ओडिशा	भुवनेश्वर	भुवनेश्वर
21	पंजाब	एरोट्रोपोलिस	मोहली
22	राजस्थान	जीएफसी- रानपुर	कोटा
23	सिक्किम	पाकयोंग	पाकयोंग
24	तमिलनाडु	थिरुमाझिसाई	तिरुवल्लुर
25	उत्तर प्रदेश	अयोध्या	अयोध्या
26	उत्तराखंड	डोईवाला	देहरादून
27		प्राग फार्म टाउनशिप	उधम सिंह नगर
28	पश्चिम बंगाल	बंटाला ग्रीनफ़ील्ड सिटी, कर्मदिगंता	दक्षिण 24 परगना

*****